सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 169 | इंदौर, बुधवार 27 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Rajasthan Cabinet:** राजस्थान में आज नहीं होगा भजनलाल मंत्रिमंडल का विस्तार, कहीं रुकावट की वजह वसुंधरा तो नहीं?
2. **Weather:** घने कोहरे की चादर में गुम हुआ दिल्ली-NCR, ऑरेंज अलर्ट जारी; 110 उड़ान और 25 से ज्यादा ट्रेन प्रभावित
3. **कोहरे ने रोकी उड़ान:** दस फ्लाइटें देरी से पहुंचीं और दो निरस्त, वंदेभारत एक्सप्रेस की भी थमी रफ्तार
4. **Rahul Gandhi:** मणिपुर से मुंबई तक कांग्रेस निकालेगी 'भारत न्याय यात्रा'; राहुल गांधी 14 जनवरी से करेंगे शुरुआत
5. **Ayodhya:** राम मंदिर आंदोलन के दिग्गज प्रवीण तोगड़िया को न्योता नहीं, आंदोलनकारियों के लिए भारत रत्न की मांग की
6. **Jammu Kashmir:** श्रीनगर-बारामुला हाईवे पर आईईडी बरामद, यातायात रोका, बम निरोधक दस्ता मौके पर
7. **यह भी एक तपस्या:** अभी भी सौ वर्ष पुराने मकान में रह रहे, राम मंदिर बनने के बाद ही खुद के घर की रखेंगे ईंट



# पहली कैबिनेट में बैठने को लेकर बना असमंजस

## अफसरों ने आनन-फानन में नाम पट्टिका तैयार कराई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मोहन कैबिनेट के विस्तार के बाद हुई पहली कैबिनेट बैठक में मंत्रियों के बैठने के लिए तय स्थानों पर नाम पट्टिका नहीं लगी होने का मामला सामने आया है। इसके बाद जीएडी अफसरों ने आनन-फानन में नाम पट्टिका तैयार कराई है। दूसरी ओर मंत्रियों के लिए अभी विभागों का बंटवारा होना बाकी है लेकिन इस बीच मंत्रालय में पदस्थ प्रमुख सचिवों की चिंता बढ़ गई है। ये अधिकारी अब मंत्रियों के विभाग तय होने के बाद वहां पदस्थ किए जाने वाले स्टाफ और सुविधाओं को लेकर अधीनस्थों से जानकारी जुटा रहे हैं।

### विभागों के बंटवारे के साथ प्रमुख सचिवों को मंत्री स्टाफ की चिंता, पुराने स्टाफ से मांग रहे जानकारी

खासतौर पर जिन विभागों के प्रमुख सचिवों ने पूर्व में मंत्रियों के स्टाफ की व्यवस्था का काम नहीं कराया है वे इसको लेकर ज्यादा सतर्क हैं। राज्य शासन के सभी 52 विभागों के लिए मंत्रियों के नाम का ऐलान आज कल में होना है। इसे देखते हुए मंत्रालय में विभाग के प्रमुख सचिव या सचिव की जिम्मेदारी निभा रहे आईएएस अधिकारियों ने जीएडी और पूर्व मंत्रियों के स्टाफ में रहे कर्मचारियों व अधिकारियों से यह जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है कि मंत्री स्टाफ में किस स्तर के अधिकारी कर्मचारी रहते हैं। उन्हें कितने लैपटाप, कम्प्यूटर, स्टेनोग्राफर, टाइपिस्ट और अन्य स्टाफ दिए जाते हैं। इसके अलावा फर्नीचर, स्टेशनरी, एसी और अन्य सुविधाजनक सामग्री के बारे में भी अधिकारी जानकारी जुटा रहे हैं।

#### ◆ जीएडी को भी विभाग वितरण का इंतजार

दूसरी ओर जीएडी के अफसरों का कहना है कि अभी दो उप मुख्यमंत्रियों के स्टाफ के लिए कुछ कर्मचारियों की तैनाती की गई है और जब विभाग तय हो जाएंगे तो मंत्रियों की पसंद के अलावा विभागों से उनके लिए स्टाफ उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए मंत्रियों द्वारा जो सुविधा मांगी जाएगी वह विभाग की ओर से भी दी जाएगी और जीएडी के माध्यम से उनकी स्टाफ में तैनाती होगी। मंत्रियों के स्टाफ के साथ अन्य व्यवस्थाओं के लिए भी विभाग काम करेंगे।

#### ◆ कैबिनेट कक्ष में लगाई नाम पट्टिका

सोमवार को शपथ के बाद अगले ही दिन कैबिनेट बैठक बुलाए जाने के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के फैसले के बाद जीएडी अफसरों ने मौके की गंभीरता को भांपते हुए कैबिनेट की बैठक के तुरंत बाद कैबिनेट कक्ष में मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और मंत्रियों के नाम की पट्टिका लगा दी है। इसके लिए आनन-फानन में पट्टिका मंगाकर कुर्सियों के सामने लगाई गई है ताकि अगली बैठक होने पर मंत्रियों को अपनी वरिष्ठता क्रम के आधार पर सीट तलाशने में दिक्कत न हो।

# कलेक्टोरेट में खुला शहर का पहला झूलाघर

## महिला कर्मचारियों को मिलेगी राहत, बच्चे भी ला सकेंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में पहली बार कलेक्टोरेट कार्यालय में महिला कर्मचारियों के बच्चों के लिए झूलाघर खोला गया है। इससे महिलाकर्मी अपने काम के साथ बच्चों की भी बेहतर ढंग से देखभाल कर सकेंगी। लंबे समय से शासन स्तर पर यह प्रस्ताव लंबित था। झूला घर में बच्चों के खिलौने, झूला रहेंगे। इनकी देखरेख के लिए अतिरिक्त स्टाफ भी पदस्थ किया जाएगा। कलेक्टर इलैया राजा ने बताया कि संकुल और सेटेलाइट भवन में कई ऐसी महिलाएं हैं, जिनके बच्चे छोटे हैं। कई महिलाएं बच्चों को साथ लेकर आती है, जिससे विभागीय काम प्रभावित होता है। झूलाघर खुलने से महिलाएं तय समय में विभागीय कार्य इत्मिनान से कर सकेंगी।**



### इसलिए भी थी दरकार

शासन के आदेशानुसार कई महिलाएं प्रसूति पूर्व और प्रसूति बाद अवकाश पर रहती है। उन्हें छह माह का सवेतनिक अवकाश दिया जाता है। इससे शासन को दोहरी मार पड़ती है। एक, विभागीय कार्य नहीं करने के बावजूद महिला को वेतन देना पड़ता है। दूसरा, अवकाश पर जाने वाली महिला का काम जिस कर्मचारी से कराना पड़ता है, उसे अतिरिक्त वेतन भी देना मजबूरी रहती है। इस परेशानी से निकलने झूलाघर की योजना लंबित थी।

### पूर्व निगमायुक्त बनी थी मिसाल

कई महिलाएं लंबे अवकाश पर रहती है। लेकिन, पूर्व निगमायुक्त प्रतिभा पाल उनके लिए मिसाल बनी थी। वर्ष 2021 में उन्होंने बच्चे को जन्म दिया था। जन्म के मात्र 11 दिन बाद वे निगम में काम करने पहुंच गई थी। यही नहीं, प्रसूति के अंतिम दिनों तक वे मैदानी अमले के साथ कामकाज करती रही। सरकार ने उनके कार्य के प्रति इस जज्बे को देखकर प्रशंसा भी की थी।

# चंदन नगर चौराहे का मिडियन का कट बंद

## व्यवस्थित ट्रेफिक के लिए महापौर ने लिया निर्णय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर के ट्रेफिक को चुस्त दुरुस्त करने महापौर पुष्यमित्र भार्गव लगातार प्रयासरत हैं। मध्य क्षेत्र का अतिक्रमण हटाने में सफलता के बाद अब चंदननगर से गंगवाल बस स्टैंड के बीच यातायात बेहतरी के लिए मिडियन कट को बंद किया है। इस कट के बंद होने से वाहन गुत्थम गुत्था नहीं होते हुए आसानी से आवाजाही कर सकेंगे। लंबे समय से चंदन नगर चौराहे से गंगवाल बस स्टैंड के बीच मिडियन का कट खोल दिया गया था, जिसके कारण आए दिन हादसे होते रहते थे। हादसे की शिकायतें भी महापौर को मिल रही थी। इसे गंभीरता से लेते हुए महापौर ने मार्ग का दौरा करते हुए निगम और यातायात विभाग को कट बंद करने के निर्देश दिए थे। महापौर की सजगता से अब इस मार्ग पर भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावनाएं रुकेगी। इस दौरान चंदन नगर में मुस्लिम समाज के कतिपय लोगों ने निगम की कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया था। विरोध के चलते सैकड़ों समाजजन सडक पर उतर आए थे। स्थिति बिगडने की आशंका के चलते भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

# तीन दिनी महापौर केशरी दंगल 8 मार्च से

## छोटा नेहरू स्टेडियम में जोर आजमाइश करेंगे पहलवान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्राचीन खेल कुश्ती को जीवित रखने और पहलवानों के उत्साह को देखते हुए महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने हर साल कुश्ती दंगल कराने की घोषणा की थी। इसी क्रम में आगामी 8 से 10 मार्च तक तीन दिनी दंगल का आयोजन छोटा नेहरू स्टेडियम पर होगा। महापौर केशरी दंगल में कई शहरों के पहलवान जोर आजमाइश करेंगे। दंगल को लेकर मंगलवार को सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी नंदकिशोर पहाडिया ने अखाड़ो के उत्सादों, खलिफाओं की बैठक ली। बैठक में कहा कि इस बार महिला और पुरुष पहलवानों की अलग-अलग स्पधाएं होंगी। दगंल के लिए 25 लाख का बजट रखा गया है। इस राशि में पहलवानों को गुर्ज, इनाम राशि, उपाधि, प्रमाण पत्र, मोमेंटो, स्मृति चिन्ह पर खर्च किया जाएगा। पहलवानों के खाने और ठहरने की व्यवस्था निगम करेगा। दंगल में 50 किलो वजन तक दो-दो मिनट के दो राउंड, 50 किलो से अधिक के 3-3 मिनट के दो राउंड होंगे। पुरुष वर्ग में 25 से 75 तथा महिला वर्ग में 32 से 55 किलो के पहलवान शामिल होंगे।

# किसानों से ई - खसरा लेने की अपील

इंदौर। राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुक्त भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त म.प्र. ग्वालियर ने ई-खसरा परियोजना को लागू किया है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे ई खसरा खतोनी ही लें। इस परियोजना के अन्तर्गत अनुबंधित फर्म द्वारा सभी तहसीलों में आई.टी. सेन्टर स्थापित किये गये है। जिनसे कृषकों को उनकी मांग अनुरूप प्रमाणित खसरा बी-1, नक्शा की प्रतिलिपियाँ नियत शुल्क प्रति पृष्ठ 30 रुपये लेकर उपलब्ध कराई जा रही है। कृषक अपने खाते की नकल, खेत का अक्श विभागीय बेवसाईट www.mpbhulekh.gov.in पर निःशुल्क देख सकता है।

## कटाक्ष




# अनाथ आश्रम की तीन छात्राओं को मिली स्कूटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। वे आई तो थी प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में अपनी फरियादी लेकर, लेकिन उम्मीद नहीं थी कि इंदौर कलेक्टर इलैया राजा टी कुछ ऐसा और इतनी जल्दी कर देंगे, जिसकी उन्हें उम्मीद भी नहीं थी. इतना ही नहीं, जिलाधीश ने उन्हें जाते-जाते ऐसा कुछ कह दिया कि वे यकीन नहीं कर सकी कि कैसे आई थी और यहां से कैसे रवाना हो रही है.**

दरअसल प्रति मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में होने वाली जनसुनवाई में अनाथ आश्रम में रहने वाली तीन छात्राएं मंगलवार को कलेक्टर जनसुनवाई में पहुंची थी. इनमें से दो छात्र दो छात्राएं पढ़ाई के साथ नौकरी भी करती है.इन छात्राओं को आश्रम से अपने कॉलेज और नौकरी पर जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है. इसी के चलते हुए कलेक्टर जनसुनवाई में पहुंची इन छात्राओं ने अपनी फरियादी कहते हुए कलेक्टर इलैया राजा टी से स्कूटी की मांग कर दी. कलेक्टर ने तीनों को धैर्यपूर्वक सुनने के बाद उन्हें हाथो-हाथ निर्णय लेते हुए तत्काल स्कूटी प्रदान करने के निर्देश दिए. रेड क्रॉस सोसाइटी ने भी तुरंत स्कूटी मंगवाई और छात्राओं को सौंप दी.अपर कलेक्टर गौरव बैनर ने इन तीनों छात्रों को स्कूटी की चाबी सौंपी. कलेक्टर ने जब तीनों छात्रों की स्कूटी की मांग पूरी की तो उनकी आंखों से खुशी के आंसू छलक आए, साथ ही कलेक्टर ने उन्हें कहा कि यदि आगे भी किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो वे संपर्क कर सकती है. कलेक्टर द्वारा तीनों का इस प्रकार से उत्साह बढ़ाने पर वे यहां से खुशी-खुशी अपने आश्रम के लिए रवाना हुई. जनसुनवाई में मंगलवार को करीब 20 दिव्यांगजन भी पहुंचे और कलेक्टर को अपनी समस्या बताई. अनेक मांगों और समस्याओं का कलेक्टर ने हाथोहाथ निराकरण किया और कुछ के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है.

# प्रदेश में 3 लाख से अधिक विद्यार्थियों को पिछड़ा वर्ग पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रदेश में इस वर्ष अब तक 3 लाख 30 हजार विद्यार्थियों को पिछड़ा वर्ग पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई गई है। इन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में लगभग 459 करोड़ रूपये की राशि का वितरण किया गया है। पिछड़ा वर्ग राज्य छात्रवृत्ति के अंतर्गत 32 लाख 16 हजार विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में 263 करोड़ की राशि का वितरण किया गया है।

पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति पिछड़ा वर्ग के कक्षा 11, 12 और स्नातक, स्नातकोत्तर, तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई गयी है। पिछड़ा वर्ग राज्य छात्रवृत्ति कक्षा 6 से 10 तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई गयी है।

प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को विदेश में उच्च अध्ययन करने के लिये पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जा रही है। इस वर्ष इस योजना का लाभ चयनित 44 विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया गया है। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में करीब 7 करोड़ रूपये की राशि उपलब्ध कराई गई है। विभाग द्वारा पिछड़ा वर्ग के युवक-युवतियों को विदेशों में रोजगार उपलब्ध कराने की अभिनव योजना का क्रियान्वयन भी किया जा रहा है।




इंदौर। आज सुबह नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाओं अभियान के दौरान एमजी रोड के फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई की।

# बजरंग दल ने किया हवा बंगला झोन का घेराव



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। गोवंश की रक्षा को लेकर बजरंग दल सहित सभी हिन्दूवादी संगठन तटस्थ रहता है। गोवंश का शव मिलने से मंगलवार को बजरंग दल कार्यकतार्ओं ने हवा बंगला झोन कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान निगम के खिलाफ नारेबाजी भी की। दल के राजेश बिंजवा ने बताया कि कार्यालय के पीछे अहीरखेड़ी में कई बार बछड़े का शव मिल चुका है। शव को आवारा मवेशी नोंचते रहते हैं। निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं देते। यही कारण है कि गोवंश की हत्या के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। इसी के चलते दोपहर 1 बजे बजरंग दल के कार्यकर्ता झोन पर अधिकारियों से बात करने पहुंचे। घेराव के समय निगम से कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, तो कार्यकतार्ओं ने वहां का घेराव कर दिया। स्थिति पर नियंत्रण के तीन अन्नपूर्णा, द्वारकापुरी और चंदननगर थाने का बल मौके पर पहुंचा। कार्यकर्ता लगातार निगम के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर जब कार्यकतार्ओं ने चक्काजाम की चेतावनी दी तो अपर आयुक्त मनोज चौरसिया वहां पहुंचे। उन्होंने कार्यकतार्ओं से ज्ञापन लेकर आश्वस्त किया कि घटना के दोषियों को सात दिन में सजा दिलाई जाएगी। निगम के अधिकारी भी दोषी होंगे तो उन्हें भी बख्शा नहीं जाएगा। आश्वासन के बाद बजरंग दल का प्रदर्शन समाप्त हुआ।

# महिला कोरोना पॉजिटिव होम आइसोलेट

◆ जीनोम सिक्वेसिंग के लिए सैंपल भेजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर में एक महिला कोरोना पॉजिटिव पाई गई है जिसे होम आइसोलेट किया गया है। महिला में कोरोना के ए सिम्टेमैटिक के लक्षण पाए गए हैं और चिंता जैसी स्थिति नहीं है। एक माह में यह कोरोना का चौथा केस है।**

विजय नगर निवासी उक्त 55 वर्षीय महिला सोमवार को पॉजिटिव पाई गई। उक्त महिला को हल्का बुखार था। इस पर दंपती ने कोरोना टेस्ट कराया। इसमें पति की रिपोर्ट नेगेटिव रही जबकि महिला पॉजिटिव पाई गई। नजदीकी लोगों के मुताबिक उन्हें एक विवाह समारोह में जाना था जिसके चलते उन्होंने सैंपल टेस्ट करवाए थे। आईडीएसपी के नोडल अधिकारी डॉ. अमित मालाकार ने बताया किमहिला में कोरोना के ए सिम्टेमैटिक लक्षण पाए गए हैं जिसके चलते उसे होम आइसलोट किया गया है। एक हफ्ते बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। उसका सैंपल जीनोम सिक्वेसिंग के लिए एम्स, भोपाल भेजा गया है। इसके पूर्व इस माह तीन कोरोना के मरीज मिले थे जो ठीक है। इनमें से एक व्यक्ति मालदीव से लौटा था।

## प्लेसमेंट (रोजगार) ड्राइव का आयोजन आज

**इंदौर।** शासकीय संभागीय आईटीआई नंदा नगर इंदौर में 27 दिसम्बर 2023 को प्रातः 10:30 बजे से प्लेसमेंट (रोजगार) ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस प्लेसमेंट (रोजगार) ड्राइव में कंपनी Datamini Technologies (India) Limited इंदौर के लिये आई.टी.आई. उत्तीर्ण बेरोजगार पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों का चयन करेगी। इस प्लेसमेंट (रोजगार) ड्राइव में आई.टी.आई. इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल एवं कम्युनिकेशन, कम्प्युटर हार्डवेयर एवं प्रोडक्शन एवं हाई स्कूल डिप्लोमा से उत्तीर्ण आवेदक जिनकी उम्र 18 से 35 वर्ष है भाग ले सकते है। रोजगार प्रशिक्षण के लिए 20 पद उपलब्ध हैं।

# भूमाफिया के खिलाफ कलेक्टोरेट पहुंचे पीड़ित

◆ किसान की नोटरी पर ली जमीन पर काटे प्लाट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कलेक्टोरेट की जनसुनवाई में एक बार फिर भूमाफियाओं के सताए पीड़ित पहुंचे। इस बार यह पीड़ित चंदननगर के गुंडे और भूमाफिया जफर की शिकायत लेकर पहुंचे थे। पीड़ितों का कहना था कि जफर ने किसान से नोटरी पर ली जमीन पर प्लाट काट दिए। प्लाट पर अब वह कब्जा देने से इनकार कर रहा है। पीड़ितों के साथ सलीमा खान नामक युवक भी था।**



जानकारी के मुताबिक, खजराना के समीप खिजराबाद कालोनी है, जो 2010 में काटी गई है। कालोनी को निगमने अवैध माना है। कई बार कालोनीवासियों को नोटिस मिल चुका है। पीड़ितों ने यहां जफर के साथी सलीम खान से प्लाट लिए थे। प्लाट की सम्पूर्ण राशि भी चुकता कर चुके हैं। अवैध रुप से प्लाट काटने के मामले में खजराना थाने में वर्ष 2014 में सलीम को गिरफ्तार किया था। वर्तमान में सलीम जमानत पर चल रहा है। उसका कहना था कि मुझे उक्त जमीन जफर ने खुद की बताकर बेची थी। बाद में पता चला कि जमीन किसान की थी। किसान से ओने पौने दाम में जमीन लेकर उसकी नोटरी करा ली थी। प्लाट काटने के दौरान जब पीड़ितों ने कब्जे मांगे तो जफर ने धमकाते हुए कहा था कि पैसे लेना मुझे आता है। मामले में मल्हारगंज एसडीएम ओमनारायणसिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला धोखाधड़ी का सामने आ रहा है। पीड़ितों की शिकायत को गंभीरता से लिया जा रहा है। भूमाफिया के साथ सलीम की भूमिका की भी जांच की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जफर ने चंदननगर थाना क्षेत्र में भी कुछ कालोनियां अवैध रुप से काटी है, जिनका मामला जिला कलेक्टर के न्यायालय और जिला कोर्ट में लंबित है।

# शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम महिलाओं की मेहनत का फल



**इंदौर**। मुख्यमंत्री श्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में शासकीय योजना से हितग्राहियों को लाभान्वित करने और विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण/शिलान्यास के लिये मां कनकेश्वरी गरबा प्रांगण इंदौर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।उक्त कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान इंदौर द्वारा आरसेटी बाजार का आयोजन किया गया। आरसेटी बाजार का अवलोकन करते हुए सांसद श्री शंकर लालवानी ने बैंक मित्र प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरण किये। उन्होंने बैंक मित्र प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं से चर्चा भी की। शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बैंक मित्र प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होंगी। आइआइबीएफ परीक्षा में महिलाओं द्वारा शत प्रतिशत परिणाम लाना यह जाहिर करता है की स्व सहायता समूह की महिलाएं कठिन परिश्रम और अथक प्रयासों करती हैं। महिलाएं घर के कार्य को संपन्न करते हुए व्यवसाय के नए तरीके के साथ-साथ शासकीय योजना एवं वित्तीय सेवाओं को सुदूर ग्रामों और अंतिम छोर पर बैठे हुए हितग्राही तक पहुंचा सकेगी। इसके साथ ही बाजार का अवलोकन जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना मालवीय द्वारा भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम श्री हिमांशु शुक्ला एवं मिशन के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 39 फीसदी मंत्रियों के खिलाफ क्रिमिनल केस, एक को छोड़कर सभी करोड़पति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश के 31 मंत्रियों में से 39 फीसदी के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। एडीआर और मध्य प्रदेश इलेक्शन वॉच की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक मंत्री को छोड़कर एमपी के सभी मंत्री करोड़पति हैं।**

मध्य प्रदेश के 31 मंत्रियों में से 39 फीसदी के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मध्य प्रदेश इलेक्शन वॉच की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक मंत्री को छोड़कर एमपी के सभी मंत्री करोड़पति हैं। रिपोर्ट में मुख्यमंत्री मोहन यादव समेत प्रत्येक मंत्री की ओर से दाखिल हलफनामों का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट यह भी कहती है कि एमपी के 10 फीसदी या 3 मंत्रियों के खिलाफ गंभीर आपराधिक आरोप हैं। इनमें हत्या के प्रयास का आरोप भी शामिल है।सबसे धनी मंत्री चेतन्य कश्यप हैं जो रतलाम शहर निर्वाचन क्षेत्र से चुनकर आए हैं। उनकी संपत्ति 296 करोड़ रुपये से अधिक है। कश्यप पर सबसे अधिक घोषित देनदारियां भी हैं, जो 20.17 करोड़ रुपये हैं। औसतन मंत्रियों के पास 18.54 करोड़ रुपये हैं। एमपी सरकार में राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय (Kailash Vijayvargiya) और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल समेत वरिष्ठ भाजपा नेताओं को भी मंत्रालय दिए गए हैं।सूबे के 26 फीसदी यानी 8 मंत्रियों की योग्यता 8वीं पास से 12वीं पास के बीच है, जबकि बाकी मंत्री स्नातक या उससे ज्यादा एजुकेटेड हैं। 10 मंत्री स्नातकोत्तर हैं। वहीं मुख्यमंत्री के पास डॉक्टरेट की डिग्री है। 31 मंत्रियों में केवल 5 महिलाएं हैं, जबकि भाजपा के चुनावी अभियान में महिला सशक्तिकरण और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की लाडली बहना योजना पर जोर दिया गया था। 26 यानी 84 फीसदी मंत्री 51 से 70 साल की उम्र के हैं, जबकि बाकी औसतन 31 साल के युवा हैं। मालूम हो कि मध्य प्रदेश में बीजेपी के दोबारा सत्ता में आने के बाद 13 दिसंबर को नए मुख्यमंत्री मोहन सिंह यादव ने शपथ ली थी। मुख्यमंत्री और उनके 12 मंत्री ओबीसी से आते हैं। इस कैबिनेट विस्तार में भाजपा ने साल 2024 के आम चुनावों के मद्देनजर अपने चुनावी समीकरणों को भी साधने की कोशिश भी की है। सूबे में भाजपा ने अपने ओबीसी वोट बैंक को मजबूत करने का प्रयास किया है, जहां विपक्ष संभवतः जातिय जनगणना के वादे के साथ चुनाव प्रचार में उतरेगा।

मिशन 2024 के लिए

## एमपी के इस मॉडल को अन्य राज्यों में लागू करेगी भाजपा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत के पीछे पार्टी की बूथ प्रबंधन मॉडल की निर्णायक भूमिका रही है। हाईकमान ने भी एमपी के इस मॉडल को सराहा है। अब लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान भाजपा इसे अन्य राज्यों में लागू करने जा रही है। हाल ही में हुई भाजपा के पदाधिकारियों की बैठक के दौरान मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने बूथ प्रबंधन मॉडल को लेकर बैठक में एक प्रेजेंटेशन भी दिया। शर्मा ने इस दौरान 51 फीसदी वोट शेयर लक्ष्य तय करने से लेकर अन्य नवाचारों का भी ब्यौरा दिया।**

एमपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने अपने प्रेजेंटेशन में बताया कि किस तरह से पार्टी ने संगठन स्तर पर कमजोर और हारी हुई सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत करने की रणनीति पर काम किया है। साथ ही, उन्होंने 2018 के चुनाव में भाजपा के हाथ से निकली सीटों पर एक साल पहले से तैनात किए प्रभारी और कार्ययोजना का ब्योरा भी दिया। इस प्रेजेंटेशन की केंद्रीय गृहमंत्री शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य पदाधिकारियों ने सराहना भी की। अमित शाह की रणनीति के तहत संगठन के काम को एमपी के संगठन ने कार्यकर्ताओं के माध्यम से नीचे तक पहुंचाया था, जिसके विधानसभा चुनाव में सकारात्मक परिणाम मिले। दरअसल, मध्यप्रदेश में भाजपा की बंपर जीत में बूथ मॉडल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस प्रयोग में मतदान के दिन सुबह छह बजे कार्यकर्ता सक्रिय हो जाते हैं। वे अपने इलाके के लोगों को जल्द से जल्द वोट डालने के लिए प्रेरित




करते हैं। इसी का परिणाम रहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा को विधानसभा चुनाव में बड़ी सफलता मिली है।

### इन अभियानों की सफलता भी रही जीत का कारण

मध्यप्रदेश में विशेष सदस्यता अभियान में मिस्ड काल के माध्यम से 17 लाख से अधिक नए सदस्य जोड़े गए। हर बूथ पर दीवार लेखन में पांच कमल और भारत सरकार के नारे पुतवाए गए। इसके अलावा 42 हजार बूथों पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया। शक्ति सम्मेलन में शक्ति केंद्र की टोली और बूथ के अध्यक्ष, महामंत्री एवं बीएलए को आई कार्ड वितरित किए गए थे। शक्ति सम्मेलन में अमित शाह के बताए गए 15 करणीय कार्यों की स्थिति पर चर्चा हुई और जिम्मेदारी बांटी गई। लाभार्थियों से संपर्क, कार्यकर्ताओं ने अपने घर पर पार्टी का झंडा लगाया और इंटरनेट मीडिया पर फोटो पोस्ट की। मतदान के दिन जनजागरण अभियान के तहत सुबह छह बजे से कार्यकर्ताओं ने जागकर अपने परिवार और पड़ोसियों से मतदान करवाया।

## हटाया जाएगा BRTS...

### सीएम मोहन यादव के साथ बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों ने जताई सहमति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में बीआरटीएस को हटाए जाने की लंबे समय से उठ रही मांग को हरी झंडी मिल गई है। 13 साल पहले 360 करोड़ रुपये से बनाए गए इस कॉरिडोर को अब चरणबद्ध तरीके से इसे हटाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई बैठक में भोपाल में बीआरटीएस को हटाने पर सहमति बन गई है। इसमें सभी जन प्रतिनिधियों ने भी इसे हटाए जाने पर अपनी सहमति दी।

बैठक में मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवान दास सबनानी, भोपाल की महापौर मालती राय, मुख्य सचिव वीरा राणा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह, सचिव विवेक पोरवाल, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव लोक निर्माण सुखवीर सिंह, कमिश्नर डॉ. पवन शर्मा एवं कलेक्टर भोपाल आशीष सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में राजधानी में बीआरटीएस की लंबाई के अलग-अलग हिस्सों को चरणबद्ध रूप से हटाने एवं सड़क के समतलीकरण एवं सुगम यातायात के अनुकूल मार्ग के विकास के कार्यों की योजना पर भी बातचीत हुई। इस बैठक के साथ ही लोक निर्माण विभाग की ओर से वीआईपी रोड (लेक) कॉरिडोर के प्रस्ताव पर भी प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में बीआरटीएस से पैदा हुई अनेक समस्याओं के अलग-अलग पहलुओं पर विस्तार से बातचीत हुई। भोपाल जिले के विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधि जिनमें मंत्री गण और विधायकगण शामिल हैं। उनसे भी अनेक सुझाव प्राप्त हुए। बैठक



में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर सर्वसम्मति से भोपाल के बीआरटीएस को हटाने का निर्णय लिया गया।

**बैठक के प्रमुख बिन्दु**

1. जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बीआरटीएस हटाने के निर्णय से व्यस्त मार्गो पर यातायात का दबाव कम हो सकेगा।
2. जनप्रतिनिधि इस बात पर भी सहमत हुए कि स्थानीय परिवहन व्यवस्था को अधिक सुविधाजनक बनाया जा सकेगा। संपूर्ण यातायात को सुगम बनाया जाएगा।
3. बीआरटीएस के स्थान पर सेंट्रल रोड डिवाइडर बनाने पर सहमति हुई।
4. वर्तमान बीआरटीएस व्यवस्था पर प्रस्तुतिकरण में बीआरटीएस के विभिन्न हिस्सों में डेडिकेटेड कॉरीडोर और मार्ग के अन्य हिस्सों में वाहनों की आवाजाही से संबंधित तथ्य भी रखे गए।
5. नगर के विभिन्न स्थानों पर बीआरटीएस के स्वरूप और की गई व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी गई।

## बाबा महाकाल के दरबार में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, तीन दिन में बिक गए 85 लाख के लड्डू

**उज्जैन। पिछले सप्ताह में तीन दिन की शनिवार, रविवार और क्रिसमस की छुट्टी थी। छुट्टी के दिनों में प्रदेश एवं देश के कई राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकाल दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान शहर में सारी होटलें पूरी तरह फुल थी। शहर में हरतरफ जाम की स्थिति बनी रही।**

इस दौरान 3 दिन में भगवान महाकाल की प्रसादी के 210 क्विंटल लड्डू श्रद्धालु खरीदकर ले गए। इससे महाकाल मंदिर प्रबंध



समिति को 85 लाख रुपए की आय हुई। 3 दिन में 250 रुपए की रसीद कटवाकर शीघ्र दर्शन में 60 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए जिससे 1 करोड़ 50 लाख की आय मंदिर प्रबंध समिति को हुई है।

### 10 लाख लोगों के आने की संभावना

इस दौरान लगातार भीड़ रही और साढ़े 12 लाख श्रद्धालुओं ने तीन दिन में दर्शन किए और महाकाल लोक देखा भी। इस अवधि में दान भी भरपूर प्राप्त हुआ है। अब साल के आखिरी दिनों में मंदिर में बहुत भीड़ होगी और 1 जनवरी को भी बड़ी संख्या में लोग आएंगे। पिछले वर्ष एक जनवरी को 7 लाख लोग महाकाल दर्शन के लिए आते थे। महाकाल मंदिर प्रशासक संदीप सोनी ने बताया कि इस वर्ष 10 लाख लोगों के आने की संभावना है।

## जबलपुर के प्रभारी फूड कंट्रोलर सस्पेंड

**जबलपुर।** राज्य शासन ने जबलपुर के फूड कंट्रोलर को सस्पेंड कर दिया है। मोहन यादव कैबिनेट के गठन के बाद शासकीय काम में लापरवाही के मामले में की गई यह पहली कार्रवाई है। खाद्य, नागरिक और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने जबलपुर में पदस्थ प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश टांडेकर को धान उपार्जन केंद्रों के मामले में लापरवाही पर यह कार्रवाई की है। निलंबन अवधि में टांडेकर का मुख्यालय खाद्य विभाग संचालनालय भोपाल तय किया गया है।

## किराना दुकान में सामान के साथ बिक रही थी अवैध शराब, पुलिस ने दी दबिश, 7 पेटी शराब की गई जब्त

**छतरपुर।** जानकारी के मुताबिक मामला जिले के झुझारनगर थाना क्षेत्र का है। जहां प्रभारी एसआई बृजेन्द्र कुमार चाचोंदिया ने बताया कि पुलिस टीम ने दबिश देकर ग्राम रामपुर से 50 साल के व्यक्ति को किराने की दुकान से शराब बेचते पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 7 पेटी अवैध शराब पकड़ी है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम रामपुर में एक व्यक्ति अपने घर में रखी किराना दुकान में किराना सामग्री के साथ अवैध शराब बेच रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस ने दुकानदार के यहां दबिश देकर 7 पेटी देशी एवं अंग्रेजी अवैध शराब, जिसकी कुल कीमती 25 हजार रुपये बताई गई है, उसे जब्त किया गया है। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार किया है।

New Delhi

# घने कोहरे के बीच आगरा एक्सप्रेस-वे पर 3 बसें और दर्जनों गाड़ियां भिड़ीं, पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर भी टकराए वाहन

**नई दिल्ली/उन्नाव, (एजेंसी)** दिल्ली-एनसीआर के साथ ही उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा व मध्य प्रदेश में घना कोहरा छाया हुआ है. इसकी वजह से सड़कों पर विजिबिलिटी बेहद कम रह गई है. रेल व हवाई यातायात प्रभावित हुआ है. सड़क पर वाहन चालकों को ड्राइविंग में परेशानी हो रही है. कोहरे की वजह से यातायात प्रभावित हो रहा है. घने कोहरे के बीच उत्तर प्रदेश में बड़ी घटनाएं हो गईं हैं. यहां कई वाहन टकरा गए, जिनमें तीन की मौत हो गई, वहीं कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए.

जानकारी के अनुसार, कोहरे की वजह से विजिबिलिटी बेहद कई हो गई है. उन्नाव में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर घने कोहरे का कहर दिखा है. यहां आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा हो गया. कोहरे के बीच एक के बाद एक 3 बसें, एक



ट्रक, 2 कार सहित 6 वाहन भिड़ गए. ये वाहन लखनऊ से आगरा की ओर जा रहे थे. एक के बाद एक वाहन आपस में भिड़ते गए.

वहीं एक डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई. हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई. इस घटना में एक यात्री की मौत हो गई, वहीं लगभग दो दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व यूपीडा कर्मियों ने घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा. इनमें से 6 यात्रियों की हालत ज्यादा गंभीर थी, उन्हें ट्रॉमा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है. बागपत में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर हादसे में 2 की मौत हो गई, वहीं 13 घायल हो गए. यहां देर रात बस और ट्रक की भिड़ंत हो गई. बस में सवार करीब 13 लोग घायल हुए हैं. यह लोग पंजाब से वृंदावन जा रहे थे. विजिबिलिटी कम होने से बस ट्रक से टकरा गई. इसमें दो महिलाओं की मौत हो गई. घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया.

Bihar

## शादी में डांस को लेकर खून-खराबा; बारातियों को पहले खिलाया, फिर घेरकर पीटा, एक की मौत, दो दर्जन घायल

**समस्तीपुर, (एजेंसी)** बिहार के समस्तीपुर जिले में शादी करके लौट रहे बारातियों पर लड़की पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया। इस घटना में एक शख्स की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से अधिक बाराती जख्मी हो गई। इनमें से दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हमले में कई बाइक और चार पहिया वाहन में भी तोड़फोड़ की गई। आक्रोशित लोगों ने शव के साथ जाम कर दिया है और आगजनी की है। बताया जा रहा है कि शादी में डांस को लेकर लड़का एवं लड़की पक्ष के लोगों के बीच बवाल हुआ था।

जानकारी के मुताबिक पटोरी थाना इलाके के चंदन चौक से तारा धमौन गांव में मंगलवार को बारात गई थी। दोनों इलाके के बीच महज पांच किलोमीटर की दूरी है। बारात दरवाजे पर लगी तो डांस को लेकर बारातियों का लड़की पक्ष के लोगों से विवाद हो गया। उस झगड़े को तुरंत शांत करा दिया गया। दरवाजा लगने के बाद खाना खाकर बारात गए लोग घर लौटने लगी। तभी रास्ते में लड़की के गांव के कुछ लोगों ने सभी बारातियों को घेरकर पीटना शुरू कर दिया।

Uttarakhand

## सिंगली गांव में चार साल के बच्चे को आंगन से उठा ले गया बाघ, जंगल से बरामद हुआ शव

**देहरादून, (एजेंसी)** देहरादून के सिंगली गांव में बाघ की धमक से दहशत बनी हुई है। बाघ एक चार साल के बच्चे को को आंगन से उठाकर ले गया। बच्चे को बाघ के ले जाने की सूचना से गांव में हड़कंप मच गया। परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद बच्चे का शव जंगल से बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार, घटना मंगलवार देर रात की है। थाना राजपुर क्षेत्र अंतर्गत अभिमन्यु क्रिकेट अकादमी से थोड़ा आगे सिंगली गांव में आयांश पुत्र अरुण सिंह निवासी ग्राम सिंगली घर के आंगन में था। तभी वहां अचानक बाघ आया और बच्चे पर झपट्टा मार दिया। इसके बाद वह उसे उठाकर ले गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने तत्काल सभी थाना प्रभारी, सीओ को बुला कर एसपी क्राइम के नेतृत्व में कांबिंग शुरू कराई।

Rajashtan

## ब्यूटी पार्लर संचालिका की गला काटकर हत्या, पति का ड्राइवर ही निकला हत्यारा

**बीकानेर, (एजेंसी)** बीकानेर के नया शहर थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला लक्ष्मी पुरोहित घर के पास ही ब्यूटी पार्लर चलाती थी। वह सोमवार शाम मंदिर जाने का कहकर घर से निकली थी। रात दस बजे तक जब वह नहीं लौटी तो पति राजेश पुरोहित ने पुलिस में मामला दर्ज कराया।

बिछवाल थाना पुलिस ने छानबीन शुरू की तो महिला का शव श्रीगंगानगर मार्ग पर मिला। शिनाख्त के लिए पति राजेश को बुलाया गया जहां उसने शव की शिनाख्त की। महिला के पति ने पुलिस में समीर खान नाम के युवक के खिलाफ इस मामले में शिकायत दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार महिला के पति ने पुलिस को बताया कि समीर नाम का युवक उसकी पत्नी को काफी दिनों से परेशान कर रहा था। युवक राजेश का ड्राइवर था लेकिन पत्नी को परेशान करने के कारण उसने उसे निकाल दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बीकानेर एसपी तेजस्विनी गौतम ने बताया कि आरोपी समीर ने ही लक्ष्मी को बुलाया था, वहां किसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया और उसने लक्ष्मी का गला काट दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

खेल

# पेरिस के लिए सिंधु को मिला विदेशी कोच सांतोसो का साथ, चोट से उबरने के बाद कोर्ट पर उतरीं पीवी

**नई दिल्ली, (एजेंसी) दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु नए वर्ष से नए अवतार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करने जा रही हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए उन्होंने अपने लिए नया विदेशी कोच ढूंढ लिया है। सिंधु एक जनवरी से भारतीय टीम के पूर्व इंडोनेशियाई प्रशिक्षक और वर्तमान में थाईलैंड के कोच आगुस ड्वी सांतोसो के संरक्षण में कोचिंग लेंगी। हालांकि दिग्गज प्रकाश पादुकोण बतौर मेंटर उनके साथ जुड़े रहेंगे, लेकिन विदेशी कोच के रूप में अब सांतोसो सिंधु के साथ होंगे। सिंधु बाएं घुटने की चोट से उबरने के बाद वापस कोर्ट पर उतर आई हैं और उन्होंने हैदराबाद में अभ्यास शुरू कर दिया है।**

कोरियाई कोच पार्क ताई सुंग से अलग होने के बाद सिंधु ने विदेशी कोच कोच के रूप



में इंडोनेशियाई दिग्गज मोहम्मद हाफिज हाशिम को अपनाया था, लेकिन उसके बाद उनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन और खराब हो गया। नवंबर में उनके बाएं घुटने में मीडियल कोलेट्रल लिगामेंट (एमसीएल) ग्रेड-2 टियर निकला। चिकित्सकों ने उन्हें पुर्नवास पर जाने की सलाह दी। इस दौरान ही सिंधु ने नए विदेशी कोच की तलाश शुरू की, जो सांतोसो के रूप में पूरी हुई है। सांतोसो पहले भी सिंधु को प्रशिक्षित कर चुके हैं। वह गोपीचंद अकादमी में भारतीय टीम के प्रशिक्षक थे, लेकिन लॉकडाउन के दौरान उन्हें अकादमी में अकेले रहना पड़ा। कुछ दिन बाद वह पद छोड़कर चले गए।

सूत्रों की मानें तो सांतोसो सिर्फ सिंधु को कोचिंग देने के लिए आ रहे हैं। उनका वेतन 10 हजार अमेरिकी डॉलर (लगभग सवा आठ लाख रुपये) प्रति माह होगा। सिंधु को यह कोच साई की ओर से उपलब्ध कराया जा रहा है। सिंधु के लिए सांतोसो थाईलैंड की टीम के साथ करार तोड़कर आ रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि सिंधु इस दौरान प्रकाश पादुकोण के साथ बंगलूरू के अलावा हैदराबाद दोनों जगह तैयारियां करेंगी। सांतोसो उनके साथ नियमित रूप से रहेंगे।

सिंधु पुनर्वास के बाद कोर्ट पर उतर आई हैं। वह इस वक्त हैदराबाद में अभ्यास कर रही हैं, लेकिन उन्हें अभ्यास का भार 50 प्रतिशत तक ही दिया गया है। अगले माह से उनके अभ्यास का भार बढ़ाया जाएगा। सांतोसो पूर्व विश्व नंबर एक कोरियाई शटलर सोन वान हो, पूर्व विश्व चैंपियन इंडोनेशियाई सोनी ड्वी कुंकरो के भी कोच रह चुके हैं।

सिनेमा

## श्रुति हासन की शादी की खबरों के बाद भड़के बॉयफ्रेंड शांतनू, बगैर नाम लिए ओरी के लिए लिखी यह पोस्ट



सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस श्रुति हासन की गुपचुप शादी की खबरें उड़ीं तो अब उनके बॉयफ्रेंड शांतनू हजारिका ने इस बारे में सफाई दी है। शांतनू हजारिका ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर लिखा, 'तो... मेरी शादी नहीं हुई है। उसके लिए बता रहा हूं जिसे हर छोटी-बड़ी चीज पर अपनी खुलकर राय रखनी होती है। मैं इस बात को आखिर क्यों छिपाऊंगा? LOL... तो वो लोग जो मुझे नहीं जानते हैं प्लीज जरा शांत हो जाइए।' चलिए समझते हैं क्या है यह पूरा मामला और सब कब कहां से शुरू हुआ?

दरअसल ओरहान उर्फ ओरी ने हाल ही में एक AMA सेशन रखा था जिसमें उन्होंने फैंस से अपने बारे में कोई भी सवाल पूछने को कहा। एक फैन ने जब उनसे पूछा कि किसी एक्ट्रेस ने कभी उनसे रूडली बिहेव किया है तो ओरहान ने श्रुति हासन का नाम लिया। ओरी ने फैन को जवाब देने के दौरान शांतनू को एक्ट्रेस का पति कहा जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनकी शादी की खबरें उड़ गईं। लोग कयास लगाने लगे कि शायद कपल शादी कर चुका है। ओरी के इसी कमेंट के बाद श्रुति हासन और शांतनू की गुपचुप शादी की खबरें उड़ीं।

## संपादकीय

# विकास की कसौटी

दुनिया के किस दर्शन में मेहनतकश लोगों का इस आधार पर उपहास उड़ाया जाता है? सूचना तकनीक के क्षेत्र में रोजगार की अपनी अहमियत है, लेकिन किसी भी देश या राज्य के विकास में इमारतों से लेकर सडकों के निर्माण या साफ-सफाई के काम की कम भूमिका नहीं। क्या इसके बिना कोई भी राज्य या देश खुद को विकास की कसौटी पर पूर्ण बता सकता है? ताजा मामला तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम सांसद दयानिधि मारन के बयान का है, जिसमें उन्होंने इतना भी खयाल रखना जरूरी नहीं समझा कि जिन लोगों के बारे में वे अपने आग्रह दर्शा रहे हैं, वे शौक से नहीं, बल्कि मजबूरी में अपने परिवार का जीवन चलाने के लिए अन्य राज्यों में जाते हैं। सुर्खियों में आए वीडियो में दयानिधि मारन ने कहा कि अंग्रेजी जानने वाले लोग सूचना तकनीक कंपनियों में मोटी तनख्वाह पाते हैं, जबकि उत्तर प्रदेश या बिहार से तमिलनाडु आने वाले हिंदीभाषी लोग या तो निर्माण कार्य करते हैं या फिर सडक या शौचालय साफ करने जैसी छोटी-मोटी नौकरियां करते हैं। जाहिर है, उनके इस बयान के बाद एक बड़े तबके में भारी नाराजगी पैदा हुई, जो देश के भीतर भाषा, क्षेत्र और समुदाय के आधार पर विभाजन पैदा करने की कोशिशों का विरोध करते हैं। हालांकि इस मसले पर उठे विवाद के बाद द्रमुक ने इसे दयानिधि का पुराना बयान बताया, मगर सवाल है कि क्या किसी भी तर्क पर हिंदी भाषा और प्रवासी मजदूरों पर इस तरह की अपमानजनक और एक बड़े तबके की मेहनत को खारिज करने वाले बयान को उचित ठहराया जा सकता है? हिंदीभाषियों को लेकर ऐसे नेताओं का पूर्वाग्रह क्या देश की एकता की भावना को चोट नहीं पहुंचाता है? क्या वजह है कि अक्सर दक्षिण भारत और खासकर तमिलनाडु के नेता उत्तर भारत और हिंदीभाषी लोगों के बारे में ऐसे अपमानजनक बयान देते रहते हैं? संभव है कि यह उन्हें अपनी स्थानीय राजनीति को बचाने का जरिया लगता हो, लेकिन एक बड़े तबके के प्रति उपेक्षा या उपहास का भाव दर्शा कर वे अपनी विचारधारा और राजनीति की किस सीमा को जाहिर करते हैं! विडंबना है कि दयानिधि मारन जिन तबकों को कमतर बता रहे थे, राज्य में उनकी पार्टी उनके हित में ही सामाजिक न्याय का दावा करती है। बिहार और उत्तर प्रदेश से अगर कुछ लोग तमिलनाडु जाकर अपनी जीविका चलाने के लिए मेहनत-मजदूरी करते हैं।

**अर्ज़ किया है..!**

*कह तो सकता हूँ मगर*
*मजबूर कर सकता नहीं*
*इख़्तियार अपनी जगह हैं*
*बेबसी अपनी जगह*

*-अनवर शऊर*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**अगर कोई पूछे, सत्य की व्याख्या करो, तो शांत रहो. यह है सत्य की व्याख्या।**
**अगर कोई पूछे, प्रेम की व्याख्या करो, तो थोडा मुस्करा दो. यह है प्रेम की व्याख्या।**
**अगर कोई कहे, करूणा की व्याख्या करो, आंख मे थोड़ी सी भिनाश (नमी) यह है करूणा की व्याख्या।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान

# वैज्ञानिकों ने खोजी ऑस्ट्रेलिया की लाखों साल पहले खो गई प्राचीन कॉलोनी, कभी रहते थे हजारों लोग



**केनबरा। वैज्ञानकों ने एक ऐसी जगह की वैज्ञानिकों ने खोज की है, जो कभी ऑस्ट्रेलिया के तट से दूर हजारों लोगों का घर थी। क्वाटरनेरी साइंस रिव्यूज में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, साहुल के उत्तर-पश्चिमी शेल्फ पर मानव जीवन और कलाकृतियों के कई अहम सुराग खोजे गए हैं। ये किम्बर्ली के उत्तरी क्षेत्र के तट पर न्यू गिनी से जुड़ी जमीन के टुकड़े के पास है। इस जगह को लेकर वैज्ञानिकों का दावा है कि ये प्राचीन ऑस्ट्रेलिया की एक कॉलोनी थीऔर यहां कभी एक बड़ी आबादी रहती थी। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस जमीन का टुकड़े पर प्राचीन समय में एक शानदार इको सिस्टम मौजूद था, जो 2.5 मिलियन साल पहले के अंतिम प्लेइस्टोसिन काल में अस्तित्व में था। ये जलमग्न भूभाग 250,000 वर्ग मील क्षेत्र में फैला हुआ था, जो ब्रिटेन के आकार का 1.6 गुना था।**

महाद्वीपीय शेल्फ, जिसे कभी रेगिस्तान माना जाता था, नदियों और झरनों, खारे पानी की झीलों के साथ-साथ एक बड़े अंतर्देशीय समुद्र से भरा हुआ था। जो लगभग 50,000 और 500,000 लोगों का घर था। वैज्ञानिकों के अनुसार, देश के आज के विशाल द्वीप में बदलने से पहले शेल्फ ने लोगों के लिए ऑस्ट्रेलिया तक पहुंचने के लिए एक पुल के रूप में भी काम किया होगा।

### समुद्र का स्तर बढ़ने से महाद्वीपीय शेल्फ डूब गया

हजारों साल पहले इस जगह के डूबने की वजह समुद्र का जल स्तर बढ़ना था। शेल्फ का लगभग आधा हिस्सा 12,000 से 9,000 साल पहले डूब गया था, जो तेजी से बढ़ते समुद्र के स्तर के दो चरणों में से पहला था। वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे जो लोग महाद्वीपीय शेल्फ पर एक द्वीपसमूह में फंसे हुए थे, वे वालेसिया के पहले समुद्री खोजकर्ता बन गए, जिन्होंने अपनी समुद्री अर्थव्यवस्थाओं के लिए साहुल के विशाल स्थलीय महाद्वीप के अनुकूल एक परिचित वातावरण तैयार किया।

वैज्ञानिक कॉलोनी के खोए हुए इतिहास को उजागर करने के लिए काम कर रहे हैं और भूदृश्यों के पुरापाषाण काल के पुनर्निर्माण की योजना बना रहे हैं। अध्ययन में कहा गया है कि अब जलमग्न महाद्वीपीय किनारों ने स्पष्ट रूप से दुनिया भर में प्रारंभिक मानव विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऑस्ट्रेलिया में समुद्र के नीचे पुरातत्व में वृद्धि प्रारंभिक मानव प्रवास की दुनिया भर में बढ़ती तस्वीर और लेट प्लीस्टोसीन मानव आबादी पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव में योगदान देगी।

## Highlights

1. **It's a case of humiliation, harassment: Rajinikanth's wife on cheating case against her**
2. **The unconstitutional trinity—1:Examining the unholy 'ghost'of BNSS**
3. **Manmohan Singh, Yashwant Sinha were two of India's best FMs: Rajan**
4. **Which states have reported a drop in active COVID-19 cases in the last 24 hours?**
5. **Many hospitalised as ammonia leaks from Chennai pipeline, protests erupt**
6. **Mass Surrender: 74 Criminals Walk Into UP Police Station**

# Reliance's Jio Cinema may soon merge with Disney+ Hotstar: Here's what the OTT can offer

**NEW DELHI, (Agency).** In a major move that can change entertainment and OTT viewing in India, Mukesh Ambani's Reliance has signed a non-binding agreement with Walt Disney Co, taking the companies one step closer to the mega-merger between RIL and Disney Star.

Jio Cinema and Disney+ Hotstar are also included in the deal, likely to be merged together into one entity. Jio Cinema and Hotstar are direct rivals, but their potential merger could be a game-changer in India's OTT industry.

The Reliance-Disney merger is expected to be finalised in February 2024, with Ambani's firm set to have more control over the merged entity. The division of stake between Reliance and Disney will be 51-49, as per early details of the deal.

When the deal goes through, it will become the biggest entertainment merger of India. Under the agreement, the two




companies will raise $1.5 dollars towards the merger, while Reliance will have more stake in the firm.

What can the Jio Cinema-Disney+ Hotstar OTT offer?

Jio Cinema and Disney+ Hotstar have been the two major players when it comes to bidding for IPL and international cricket tournament rights. With the potential merger on the cards, this bidding war could end forever.

After Reliance gains control over the Star India channels, cricket rights may be retained by Star for television while the OTT rights may be given to the merged Jio-Disney platform.

The merger between Jio Cinema and Disney+ Hotstar will create the biggest OTT platform of India, with the rights to cricket and football streaming, as well as HBO and WB content. It will also pull Hotstar out of the losses it has been incurring over the last year.

Meanwhile, the news about the merger between Reliance and Disney has sparked a mass exodus of users from Hotstar, which has been struggling for the past few years after losing the IPL rights and HBO deal.

# Infosys shares drop 3%: Why is Narayana Murthy's firm struggling on the stock market?

**NEW DELHI, (Agency)** While Narayana Murthy's firm Infosys delivered one of the most stellar performances on the Indian stock market in the past, its shares fell nearly three percent on Tuesday, when the markets reopened after a three-day gap.



On December 26, Infosys shares dipped by 2.7 percent, building pressure on the company over the recent changes in top posts. This drop also comes after Infosys terminated a mega-deal linked with a global artificial intelligence firm.

Infosys shares were recorded at ₹1,546 when the markets closed on Tuesday, 2.7 percent lower than the previous day. In the trading session before that, the Murthy's firm has shown a growth of nearly 2 percent, closing at ₹1,561. In the early trading hours of December, the stock price was ₹1,523.

Why is Infosys struggling on the stock market?

One of the most major developments in Infosys is the recent change of its chief financial officer, a move which came as a surprise to the shareholders. Infosys CFO Nilanjan Roy had resigned on December 11, saying he wanted to pursue his "personal aspirations."

# दो दोस्त हादसे का शिकार एक की मौत, दूसरा गंभीर

## पीथमपुर की निजी कंपनी में करते थे काम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सुपर कॉरिडोर पर हादसे में निजी कंपनी में काम करने वाले युवक की मौत हो गई। वह धार से अपने दोस्त के साथ बाइक पर इंदौर के पीएफ आफिस में फार्म जमा करने आया था। इस दौरान आईसर गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।**



गांधीनगर पुलिस के मुताबिक घटना सुपर कॉरिडोर के पास दिलीप नगर रोड़ की है। यहां मोनू (20) पुत्र महेश पटेल निवासी बगोदा जिला धार की सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि दूसरा साथी टका उर्फ मनदीप देवड़ा घायल है। परिवार के लोगो ने बताया कि दोनों को इंदौर स्थित पीएफ आफिस में काम था। इसलिए इंदौर आना हुआ। मनदीप के मुताबिक बाइक मोनू चला रहा था तभी आईसर ने सामने से तेज रफ्तार से गाड़ी लाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें दोनों सडक पर गिर गए। इस हादसे में मोनू के सिर पर गंभीर चोट आने से उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

परिवार के मुताबिक मोनू पीथमपुर की निजी कंपनी में काम करता है। उसके पिता पेशे से किसान है। परिवार में एक बड़ी बहन है जिसकी शादी हो चुकी है। वह पीथमपुर से धार डेली अप डाउन करता था। पुलिस ने आईसर ड्रायवर के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज किया है।

# ज्वेलर का चोर नौकर पकड़ाया

## गायब की थी 9 लाख की चांदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। छोटा सराफा में ज्वेलर्स के यहां चोरी करने वाले नौकर को पुलिस ने पकड़ लिया है। आरोपी से चोरी का माल जब्त किया जा रहा है। आरोपी ने 5 साल तक नौकरी करते हुए यहां से करीब 9 लाख की चांदी पर हाथ साफ कर दिया।**

सराफा पुलिस ने छोटा सराफा की नवीन ज्वेलर्स पर चोरी करने के मामले में आरोपी रितिक पुत्र दौलतराम शर्मा निवासी लोकनायक नगर को पकड़ा है। रितिक के खिलाफ लोधीपुरा में रहने वाले उसके मालिक नवीन शर्मा ने ही केस दर्ज कराया था।

नवीन ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी रितिक करीब 5 साल से उसके यहां काम कर रहा है। इस दौरान उसने कई बार भरोसे में माल चेक नहीं किया। जिसमें साढ़े छह किलो से ज्यादा की चांदी उसके यहां से गायब मिली। इसके साथ ही हिसाब-किताब भी गड़बड़ मिला। पूछताछ करने पर रितिक जवाब नहीं दे पाया। नवीन ने शिकायत की तो रितिक लापता हो गया। बाद में पुलिस ने उसे ढूंढा तो उसने चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## दंपती झुलसे हालत गंभीर

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत संदिग्ध परिस्थिति में जले हुए दंपती को उपचार के लिये मंगलवार रात एमवाय अस्पताल लाया गया। महिला की हालत गंभीर है। जबकि उसे बचाने में पति के हाथ बुरी तरह झुलस गए हैं। पुलिस को घर पर ज्वलनशील पदार्थ मिला है। दोनों की हालत गंभीर होने की वजह से पुलिस रात में बयान नही ले सकी है। परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक घटना कुलकर्णी नगर की है। यहां रहने वाली दीपा(35) और उसके पति संतोष को गंभीर हालत में रिश्तेदार एमवाय अस्पताल लेकर आए। सूचना के बाद परदेशीपुरा थाने के एसआई कमल सिंह बयान के लिये एमवाय पहुंचे। लेकिन डॉक्टरों ने बताया कि दोनों बयान देने की स्थिति में नही थे। देर रात पुलिस मौके पर पहुंची तो आसपास के लोगो से आपसी कहासुनी की बात पता सामने आई है। वहीं घर पर ज्वलनशील पदार्थ भी मिला। पुलिस के मुताबिक संतोष कारपेंटर का काम करता है। अभी मामले में बयान के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## कंटेनर से जा भिड़ा ट्रक, फंसे क्लीनर को क्रेन से बाहर निकाला



उधर, रेडिसन चौराहे पर मंगलवार देर रात भीषण हादसा हो गया। इस हादसे में ट्रक ड्राइवर और क्लीनर को चोट आई है। सूचना के बाद मौके पर खजराना पुलिस पहुंची। जानकारी के मुताबिक ट्रक पलटने से क्लीनर गाड़ी में फंस गया। जिसे मेट्रो प्रोजेक्ट की क्रेन से ट्रक को उठाकर बाहर निकाला गया। पुलिस के मुताबिक घायलों को उपचार के लिये एमवाय अस्पताल भेजा गया। घायल ट्रक ड्राइवर शौकत अली और क्लीनर ओमप्रकाश राजगढ़ राजस्थान के रहने वाले हैं। खजराना पुलिस के एसआई राकेश परमार के मुताबिक विजयनगर से बायपास की तरफ जा रहा ट्रक रेडिसन चौराहे पर रोबोट चौराहे की तरफ से आ रहे कंटेनर में घुसकर पल्ट गया। हादसा होते ही जोरदार धमाके जैसी आवाज आई। सूचना के बाद पुलिस ने पहुंच कर ड्राइवर को ट्रक से बाहर निकल लेकिन एक तरफ से ट्रक में क्लीनर दब गया। जहां पुलिस ने तुरंत मेट्रो प्रोजेक्ट की क्रेन बुलवाई ओर लोगो की मदद से उसे बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद रात में क्रेन की मदद से ट्रक को हटाने का काम किया गया। लेकिन गाड़ी हट नही पाई। इधर सुबह नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची। और क्रेन के माध्यम से बुधवार सुबह इसे हटाने का फिर से प्रयास किया जा रहा है। इलाके में ट्रैफिक दबाव के कारण जाम की भी स्थिति बनी रही।

## पारदर्शी और स्वच्छ पुलिस प्रशासन जनता को मिले-प्रसाद

**इंदौर।** पुलिस की कार्यप्रणाली को बेहतर कर उसमें कसावट लाने के उद्देश्य से अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नारकोटिक्स) जयदीप प्रसाद ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए कहा कि पारदर्शी और स्वच्छ पुलिस प्रशासन आमजन को मिल सके। महिला अपराधों पर अंकुश, उनकी सुरक्षा, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई और समाज हित में बेहतर पुलिसिंग आदि भी उन्होंने जोर दिया। इस दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था, माफियाओं, संगठित अपराधियों पर कार्रवाई, बेहतर पुलिसिंग हेतु किए जा रहे कार्यो पर विस्तृत चर्चा की। बेहतर पुलिसिंग की सभी प्राथमिकताओं पर इंदौर संभाग के सभी जिलों एवं पुलिस कमिश्नरेट के सभी अधिकारी-कर्मचारी लगन से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने संभाग के सभी जिलों की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी इसी प्रकार से पूर्ण रूप से कर्तव्यनिष्ठ एवं तत्पर रहते हुए जनता के हित में पुलिस की सभी प्राथमिकताओं व प्रत्येक पहलुओं पर और बेहतर कार्य करें।

# पहली बार पुलिस परिवारों के लिए लगाया मेला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अक्सर गुंडों बदमाशों और अपराधियों को पकड़ने में दिन रात एक कर देने वाले पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मी मंगलवार को एक मेले में पहुंचे. इंदौर पुलिस कमिश्नर मकरंद देउस्कर और उनके साथ यहां आए अधिकारियों ने मेले में कई स्टाल्स पर व्यंजनों का स्वाद भी चखा.इसके साथ ही मेले में लगे झूलों और खाली जगहों पर पुलिस परिवार के बच्चों को मस्ती करता देख उनके चेहरों पर भी मुस्कान आ गई.

दरअसल देशभक्ति और जनसेवा करते हुए अधिकांश समय अपनी ड्यूटी को ही देते हैं और अपने परिवार को बहुत ही कम ही समय निकाल पाते हैं और उन्हें कहीं पर घुमाने-फिराने ले जाने का समय वह कभी कभार ही निकाल पाते हैं. ऐसे में पुलिस कमिश्नर मकरंद देउस्कर द्वारा नई पहल करते हुए शहर में पहली बार पुलिस परिवारों और बच्चों के लिए इंद्रधनुष- प्रथम पुलिस कमिश्नरेट मेला 2023 का आयोजन डीआरपी लाइन इंदौर के ग्राउंड पर किया गया, जिसका उद्घाटन पुलिस आयुक्त मकरंद देऊस्कर ने किया. यह दो दिवसीय मेला 26 और 27 जनवरी को रहेगा.

यह मेला केवल पुलिस परिवार के बच्चों एवं परिजनों के लिए ही है. उक्त मेले में पुलिस परिवार के बच्चों के लिये विभिन्न प्रकार के मनोरंजक झूले लगाये गये है, जो पूर्णतः निःशुल्क है तथा एक फूड झोन भी रखा गया है, जिसमें नाममात्र के शुल्क पर पुलिस परिवार के सदस्यगण विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठा सकते हैं.

मेले के उद्घाटन के अवसर पर पुलिस कमिश्नर मकरंद देउस्कर ने मेले का भ्रमण कर वहां पर पुलिस परिवार के सदस्यों ने जो विभिन्न स्टॉल्स लगाए हैं, उनके द्वारा बनाए गए विभिन्न लजीज व्यंजनों का लुफ्त भी उठाकर, सभी का उत्सावर्धन किया.

इस अवसर पर भी श्री देउस्कर ने कहा कि, हमारे पुलिस परिवार के सदस्यों व बच्चों के मनोरंजन व उन्हें अपने परिसर में ही उल्लासपूर्ण माहौल मिले, इसी को ध्यान में रखते हुए, इस मनोरंजक मेलें का आयोजन किया गया है तथा पुलिस परिवार की महिलाएं एवं सदस्य भी स्वावलंबी बने और उन्हें कुछ करने के नए अवसर भी प्राप्त हो इसी को ध्यान में रखते हुए इंदौर पुलिस द्वारा इस प्रकार के आयोजन किए जा रहे हैं जो आगे भी निरंतर रूप से जारी रहेंगे. मेले में पुलिस अधिकारियों ने मनोरंजन गेम और झूलों के साथ ही यहां पर चल रहे मैजिशियन शो में कलाकार के जादू का आनंद भी लिया. मेले में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) मनोज कुमार श्रीवास्तव, पुलिस उपायुक्त (यातायात प्रबंधन) मनीष कुमार अग्रवाल, पुलिस उपयुक्त (मुख्यालय) जगदीश डावर, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्रीमती सीमा अलावा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर श्रीमती मनीषा पाठक सोनी, रक्षित निरीक्षक दीपक कुमार पाटिल सहित अन्य अधिकारी, पुलिसकर्मी मौजूद रहे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक